रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 340] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 04, 2019/ज्येष्ठ 14, 1941
No. 340] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 04, 2019/JYAISTHA 14, 1941

IndiaCode

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 जून, 2019

सा.का.नि. 407(अ).—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का नाम सिक्का निर्माण (श्री गुरूनानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर पांच सौ पचास रुपये मूल्य के स्मारक सिक्के जारी करना) नियम, 2019 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. सिक्कों का अंकित मूल्य.—**"श्री गुरूनानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव"** के अवसर पर केन्द्र सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने हेतु टकसाल में पांच सौ पचास रुपये मूल्यवर्ग के सिक्कों का निर्माण भी किया जाएगा।

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना.**—नियम 2 में उपर्युक्त अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात्:—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
पांच सौ पचास रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** रजत– 50 प्रतिशत तांबा – 40 प्रतिशत निकल – 05 प्रतिशत जस्ता – 05 प्रतिशत

4. डिज़ाइन.—सिक्कों का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट किए अनुसार होगा।

5. मानक वजन तथा अनुज्ञात छूट.—श्री गुरूनानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के अवसर के उपलक्ष्य में उपर्युक्त अंकित मूल्य के सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात छूट इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट की जाएगी।

पहली अनुसूची

(नियम 4 देखें)

(i) पांच सौ पचास रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतरराष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"550"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर "गुरूद्वारा श्री बेर साहिब, सुल्तानपुर लोधी, पंजाब" का चित्र होगा। सिक्के की ऊपरी परिधि और निचली परिधि पर क्रमश: देवनागरी लिपि में "श्री गुरूनानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव" तथा अंग्रेजी में **"550th PRAKASH UTSAV OF SHRI GURU NANAK DEV JI"** उत्कीर्णित होगा। सिक्के की बायीं तथा दायी परिधि पर अंतरराष्ट्रीय अंकों में क्रमश: वर्ष "1469" और "2019" अंकित होंगे।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात छूट	
		संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
पांच सौ पचास रुपये	35 ग्राम	रजत में 1/500वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् रजत के अंश में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा ।	1/100वां जमा या घटा अर्थात् वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम के बीच हो सकता है ।

[फा. सं. 02/09/2018-सिक्का]

प्रशांत गोयल, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 3rd June, 2019

G.S.R. 407(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of the 550th Prakash Utsav of Shri Guru Nanak Dev Ji) Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coins.—**The coin of Five Hundred and Fifty denomination shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of **"the 550th Prakash Utsav of Shri Guru Nanak Dev Ji"**.

3. Dimension and composition of coins.—The coin of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:—

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
Five Hundred and Fifty Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent Copper -40 per cent Nickel - 05 per cent Zinc - 05 per cent

4. Design.—The design of the coins shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. Standard weight and remedy allowed.—The standard weight of the coins of above denomination coined to commemorate the occasion of the 550th Prakash Utsav of Shri Guru Nanak Dev Ji and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

First Schedule

(See rule 4)

FIVE HUNDRED AND FIFTY

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagri script and on the right periphery with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "550" in the International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of coin shall bear the Picture of "Gurudwara Shri Ber Sahib, Sultanpur Lodhi, Punjab." The inscription "श्री गुरू नानक देव जी का 550 वाँ प्रकाश उत्सव" in Devanagri script and "550TH PRAKASH UTSAV OF SHRI GURU NANAK DEV JI" in English shall be written on the top periphery and lower periphery of the coin respectively. The year "1469" and "2019" in International Numeral shall be flanked at left and right periphery of the coin.

Second Schedule

(See rule 5)

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
Five Hundred and Fifty Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say weight could be 34.65 grams to 35.35 grams.

[F.No. 02/09/2018-Coin]

PRASHANT GOYAL, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2019.06.04 22:27:47 +05'30'